हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

11 नैनो यूरिया का छिड़काव न केवल आसान फायदेमंद भी



12 भव्य श्रीराम निशान शोभायात्रा के लिए सौंपी जिम्मेदारी



## खबर संक्षेप

### अटेली में जिला स्तरीय किसान मेला 19 को

**मंडी अटेली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से 19 जनवरी को राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में प्रातः साढ़े 10 बजे जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। एडीओ वीर कुमार ने बताया कि कृषि अधिकारी बागवानी विभाग तथा पशुपालन विभाग की ओर से सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### हुड्डा पार्क के सामने से बाइक चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के सामने से एक दुकानदार की बाइक चोरी हो गई। गांव पालड़ी पनिहारा निवासी रामदयाल ने बताया कि उसने हुड्डा पार्क के सामने जूस की दुकान खोल रखी हैं। सुबह वह अपनी बाईक लेकर अपनी दुकान पर आया था। दुकान के पास बाइक खड़ी करके वह अपना काम करने लग गया। शाम को देखा तो उसकी बाइक गायब मिली।

### पुलिस सहित गिरफ्तार मामला दर्ज किया

**मंडी अटेली।** पुलिस ने एक व्यक्ति को शराब सहित गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर गांव गढ़ी रूथल निवासी राहुल गुजरवास मोड़ के पास से 10 बोतल शराब बरामद कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

### फार्म से तीन दर्जन से अधिक पशु चोरी

**मंडी अटेली।** चोरों ने फार्म का ताला तोड़कर तीन दर्जन से अधिक पशुओं चुरा कर ले गए। पुलिस को गांव अटाली की ढाणी निवासी अरूण ने बताया कि उसने नानकवास रोड पर अपने खेत में फार्म बना रखा है। जहां 20 बकरी, दो बकरे व 21 बच्चे थे। गत दिवस जब अपने फार्म पर गया था तो देखा की फार्म का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो फार्म के अंदर केवल पांच बच्चे ही केवल मौजूद थे, बाकी सभी 36 बकरी बच्चों को अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़ कर 20 बकरी, दो बकरे व 16 बच्चे चोरी करके ले गया।

### अवैध शराब बेचते पुलिस ने एक को दबोचा

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट में अवैध रूप सेशराब बेचते पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित के पास से 7 पेटी शराब की बरामद की है। सदर थाना एक टीम गांव जाट अड्डे पर मौजूद थी। गुप्त सूचना पर गांव जाट में सुरेंद्र पाल को अपने मकान के साथ पशुबाड़े के बाहर अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। जांच करने पर उसके पास एक पेटी में 12 बोतल ठेका शराब देशी मार्का फ्रेश संतरा मिली। पुलिस ने बाड़े में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुरेंद्र पाल बताया। जिससे शराब रखने बारे लाईसेंस व परमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**सीबीएसई ने नियुक्त किए 65 एजुकेटर्स**

# देशभर में परीक्षा का तनाव दूर करेंगे 65 शिक्षक, 13 विदेशी शिक्षक भी शामिल

## टोल फ्री नंबर पर विद्यार्थी सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक शिक्षकों से ले सकेंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूजः महेंद्रगढ़

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की ओर से विद्यार्थियों के ऊपर परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए 65 एजुकेटर्स की नियुक्ति की गई हैं। इनमें से 13 एजुकेटर्स विदेशी होंगे। इससे पहले सीबीएसई विद्यार्थियों पर परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए सीबीएसई डिवीजन, डिस्टिंक्शन और परसेंटेज निकालने से मना कर चुका है।

देशभर में सीबीएसई से करीब 24 हजार स्कूल जुड़े हुए हैं। वहीं विदेशों में भी ढाई सौ ऐसे स्कूल हैं, जिनमें सीबीएसई का सिलेबस पढ़ाया जाता है। विदेशों के इन स्कूलों में भी एक साथ ही परीक्षाएं शुरू होंगी। जिसके लिए यह व्यवस्था की गई है। सीबीएसई की मानें, तो परीक्षा से पहले कई विद्यार्थी तनाव महसूस करते हैं और परीक्षा को बेहतर ढंग से कंपलीट नहीं कर पाते। यही कारण है कि विद्यार्थी के स्वजन भी यही स्ट्रेस झेलते हैं। परीक्षा कैसी होगी, कैसा परिणाम होगा, इसी कारण से कई विद्यार्थी व स्वजन इतना स्ट्रेस ले लेते हैं कि इसका असर सीधा परीक्षा परिणाम पर पड़ता है। इसी से जूझते इन सभी के लिए सीबीएसई टोल फ्री नंबर पर सुझाव और कुछ टिप्स देगा ताकि विद्यार्थी व उनके स्वजन इन परीक्षाओं का स्ट्रेस न ले सकें।

### 13 शिक्षक होंगे विदेशी

सीबीएसई वर्ष-1998 से लगातार निशुल्क मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान कर रहा है। इस बार




सीबीएसई की ओर से 65 एजुकेटर्स को तैनाती की है, जो टोल फ्री नंबर 1800-11-5004 पर विद्यार्थियों को स्ट्रेस कम करने के टिप्स देंगे। इन एजुकेटर्स में जहां 52 प्रिंसिपल भारत से हैं वहीं 13 ऐसे काउंसलर हैं, जो विदेश से हैं। कुवैत, नेपाल, जापान, दोहा-कतर, ओमान (मस्कट) यूनाइटेड अरब एमिरेट्स (दुबई, शारजाह, रास-आल- खैमाह) से होंगे। ये परामर्श सत्र हर साल दो चरणों में आयोजित किया जाता है। यह सत्र सोमवार से शनिवार तक चलेगा। इस दौरान सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक फोन पर काउंसलिंग की व्यवस्था रहेगी। इस परामर्श सत्र में अभिभावकों को भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### पोडकास्ट से मिलेगी मदद

परीक्षाओं का तनाव दूर करने के लिए सीबीएसई जहां टोल फ्री नंबर से काउंसलिंग देगा। वहीं पोडकास्ट के माध्यम से भी इसी विषय पर हिंदी और अंग्रेजी भाषा में सामग्री उपलब्ध करवाएगा। इसमें

### विद्यार्थियों का तनाव होगा कम

नालंदा स्कूल के चेयरमैन विक्रम सिंह लांबा ने बताया कि



सीबीएसई ने विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक तौर पर मदद करने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है। कोई भी छात्र या छात्रा तय समय के दौरान काउंसलरों से बातचीत करके अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। इससे विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेगा।

परसेंटेज से पहले ही मना कर चुका है बोर्डः सीबीएसई ने इससे पहले ही एक पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि विद्यार्थियों में परीक्षा परिणाम के बाद तनाव में ना रहें। इसके लिए परसेंटेज नहीं निकाली जाएगी। यदि विद्यार्थी को हायर एजुकेशन या फिर जाब के लिए परसेंटेज चाहिए तो यह कार्य शिक्षण संस्थान द्वारा किया जाएगा।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित रामभक्त

# अयोध्या जाने को ट्रेनों में एडवांस सीट बुकिंग करवा रहे रामभक्त

अध्योध्या के राम मंदिर में 22 को होनी वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है देश विदेश के हिंदू श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूजः नारनौल

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसे देश एवं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बैठे हिंदू आस्था वाले लोग खासकर रामभक्त इस पल को खुशी के साथ मनाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के रामभक्तों यानि श्रद्धालुओं में बड़ा जोश एवं उत्साह बना हुआ है। श्रद्धालु जहां जगह-जगह विभिन्न आयोजन करके अपनी भावनाएं श्रीराम के प्रति प्रकट कर रहे हैं।



नारनौल। रेलवे स्टेशन पर एडवांस बुकिंग कराते हुए। फोटोः हरिभूमि

### प्राण प्रतिष्ठा के साक्षात दर्शन के इच्छुक श्रद्धालु

कुछ ऐसे श्रद्धालुजन भी हैं, जो सीधे अयोध्या जाकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में साक्षात होना चाहते हैं। इसी चाहत को लेकर अनेक श्रद्धालु रेल के जरिए अयोध्या जाने के लिए आजकल टिकट बुक करवाने रेलवे स्टेशन काउंटर पर पहुंच रहे हैं। हालांकि नारनौल से सीधे अयोध्या के लिए कोई ट्रेन नहीं चलती है, लेकिन श्रद्धालु दिल्ली से अयोध्या की टिकट जरूर मांग रहे हैं। प्रतिदिनि ऐसे ग्राहक रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं, लेकिन गाड़ियों में पहले ही एडवांस बुकिंग हो चुकी है। जो लोअ अध्योध्या पहुंचने के अब बुकिंग करवाने चालते हैं।

उन्हें केवल वेटिंग के टिकट काटे जा रहे हैं। कमाल की बात यह है कि वेटिंग की टिकट लेने को भी श्रद्धालु आतुर दिखाई देते हैं। उनकी आंखों में केवल एक ही सपना बसा नजर आता है कि वे जैसे-तैसे बस 22 जनवरी को अयोध्या की रामनगरी पहुंच जाए, जहां रामलला की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जानी है।

### एंडवास बुकिंग फुल, अब केवल वेटिंग टिकट

इस संदर्भ में रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रामनिवास मौर्य ने बताया कि अयोध्या जाने के लिए कई दिनों से रेलवे ग्राहक स्टेशन पर पहुंच रहे हैं और एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या जाने वाली सभी ट्रेनों की एडवांस बुकिंग फुल हो चुकी है तथा अब केवल वेटिंग की टिकटें बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या के लिए नारनौल से सीधी कोई ट्रेन नहीं चलाई गई है, लेकिन यहां से लोग दिल्ली जाकर अयोध्या की ट्रेन पकड़ सकते हैं।

### बाबरी मस्जिद विध्वंस के दिन के भी बने थे गवाह

उल्लेखनीय है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराने के लिए वहां देशभर के कौने-कौने से गए कार-सेवकों में नारनौल की भी एक टोली शामिल थी। सन 1990 में हुई फायरिंग के बाद जब 6 दिसंबर 1992 को बाबरी विध्वंस हुआ था, उस दिन भी नारनौल क्षेत्र के लोग वहां कारसेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। अब जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में रामलला की स्थापना करने जा रहे हैं तो उस दिन यानि 22 जनवरी के लिए हर वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है तथा उस दिन यहां पर भी महापर्व मनाया जाएगा।

## सीजन की महेंद्रगढ़ में सबसे ठंडी रात, नारनौल में सबसे गर्म दिन

हरिभूमि न्यूजः नारनौल

उत्तरी बर्फिली हवाओं का कहर पहाड़ों से मैदानी इलाकों देखने को मिला। हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ पर कड़ाके की हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सितम देखने मिल रहा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ जैसे ही हरियाणा एनसीआर दिल्ली से आगे निकल गया वैसे ही हिमालय की उत्तरी बर्फिली हवाओं का आगाज एक बार फिर से उत्तरी मैदानी राज्यों में देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में रात्रि तापमान एक बार फिर से धड़ाम होने लगें हैं। रात्रि तापमान जमाव बिंदु पर पहुंच गया। सोमवार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस सम्पूर्ण 4.0 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गए हैं। कुछ स्थानों पर पाला जम गया है। जिले महेंद्रगढ़ में लगातार रात्रि तापमान लुढ़क रहे हैं। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ठंडी राता महेंद्रगढ़ की रही है यहां नारनौल और महेंद्रगढ़ के रात्रि तापमान क्रमश 1.8 डिग्री सेल्सियस और 0.4 डिग्री दर्ज किया गया है।

सोमवार सुबह उत्तरी जिलों में वायुमंडल की ऊपरी सतह पर कोहरे की सफेद परत बनीं हुईं जबकि दक्षिणी जिलों में निचले स्तर पर कोहरा छाया रहा। जिससे रफ्तार पर ब्रेक और परिवहन के साधन रेंगने नजर आए। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में शीतलहर से गंभीर शीतलहर, अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज़ किए हुए। कुछ स्थानों पर कोहरा व कोल्ड डे और पाला जमने की स्थिति बनी हुई हैं यानि ठंड ने कहर बरपाया हुआ है। राज्य में उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्व सभी जिलों में रात्रि तापमान लुढ़क कर 0.4 डिग्री सेल्सियस से 4.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। आने वाले तीन दिनों के दौरान अभी आमजन को हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड से राहत के आसार नहीं दिख रहें। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर कल रात्रि को सक्रिय होने से आंशिक बादल वाही जरुर देखने को मिलेगी परन्तु रात्रि ठंड से अभी राहत के आसार नहीं दिख रहें पारा लुढ़क रहा है और पाला जमने की स्थिति बनी रहेगी। 18 व 19 जनवरी से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी से आमजन को राहत के आसार बन रहे हैं।

### अधिकतम तापमान

जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ के दिन के तापमान क्रमश 21.0 डिग्री व 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा, दिल्ली एनसीआर में जिला महेंद्रगढ़ में महेंद्रगढ़ की रात सबसे ज्यादा ठंडी और नारनौल के दिन सबसे ज्यादा गर्म बने हुए हैं।



नारनौल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### टेलीग्राम के जरिये ठगी करने वाले को राजस्थान से पकड़ा

**नारनौल।** टेलीग्राम पर ऑनलाइन कार्य का मैसेज भेजकर टास्क पूरे करने का झांसा देकर ठगी के आरोपी से पुलिस ने रिमांड के दौरान नकदी व मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने अलवर राजस्थान के दंदुपुरी निवासी चमन प्रकाश को गिरफ्तार किया था। अदालत ने सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रवक्ता ने बताया कि पवन कुमार वासी नांगल (मोहनपुर) कनीना ने हेल्पलाइन नंबर 1930 और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसमे उसने बताया कि टेलीग्राम (सोशल मीडिया एप) पर ऑनलाइन काम का मैसेज आया और बताया कि आप वेबसाइट पर कार्य कर सकते हैं। आरोपी ने अलग अलग कार्य बतातकर 1,96,758 रुपये अलग-अलग खातों मे जमा करा लिए और उसके बाद और पैसे जमा करने की डिमांड की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### बंद मकान से जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

- पूरा सामान शिफ्ट होने से पहले ही बनाया निशाना

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजड़ियावास में चोर बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जांजड़ियावास निवासी छाजूराम शर्मा ने बताया कि उसने गांव के बाहर ट्यूबवैल पर नया घर बनाया हैं। पहले वह अपने परिवार के साथ गांव में रहता था। अभी उसने अपने नए घर में पूरा सामान शिफ्ट नहीं किया हैं। वह दो-चार दिन एकबार पुराने घर में जाता है। गत 14 जनवरी को जब वह अपने पुराने घर गया तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है तथा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। तलाशी लेने पर घर में रखी अलमारी से दो सोने की चेन, दो अंगूठी व एक जोड़ी कान के टोपस गायब मिले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरपंच व उनके परिवार के साथ मारपीट कार्वाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

- सरपंच और परिवार के साथ एक माह पहले हुई थी मारपीट

**नारनौल।** गांव इकबालपुर नंगली में सरपंच परिवार के साथ हुई मारपीट मामले में दर्ज होने के एक माह से अधिक समय होने पर भी आरोपितों को गिरफतार नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है। सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय एससी आयोग व पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मारपीट करने के आरोपित इकबालपुर नंगली निवासी लालसिंह को अविलंब गिरफ्तार की मांग की। प्रधान चंदन सिंह जालवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास मंदिर में हुई बैठक में विभिन्न संगठनों द्वारा मामले में एक माह से अधिक समय होने पर भी एससी एसटी एक्ट के दर्ज मुकदमा में कार्रवाई न होने से पुलिस विभाग की अव्यवहारिक कार्यशैली पर रोष प्रकट किया गया। समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि 12 दिसंबर को इकबालपुर नंगली निवासी शेरसिंह के साथ चुनाव की रंजिश को लेकर उसी गांव के लालसिंह द्वारा पंचायतघर में आयोजित विकसित भारत के तहत संकल्प यात्रा के दौरान कातिलाना हमला कर मारपीट की गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में कार्रवाई करने का पूरा आश्वासन देने और डीएसपी द्वारा गवाहों के ब्यान दर्ज होने के बावजूद दोषी को आज तक गिरफतार न करना पुलिस की अव्यवहारिक कार्यशैली को उजागर करता है।

## अधूरी सड़क पूरी करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- वन विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूजः महेंद्रगढ़



गांव नांगल सिरोही में स्टेट हाइवे 148 बी के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से करने को लेकर सोमवार को टीम बलवान फौजी ने वन विभाग के डीएफओ रोहताश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्टेट हाइवे-148 भी पर गांव नांगल सिरोही में बाइपास का निर्माण चल रहा है। जो लगभग पूरा हो चुका है, 300 से 400 मीटर की सड़क को अधूरा छोड़ा गया है। अधूरे छोड़े गए निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर हसंराज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन विभाग की पिछले एक साल से परमिशन अटकी हुई है, कंपनी ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है तथा वन विभाग की कमी से काम अटका हुआ है। वन विभाग के अधिकारी यह कहते हैं कि हमने फाइल ऊपर भेज रखी है। इस मार्ग का कुछ हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है तथा करीब एक टुकड़ा 300 से 400 मीटर वन विभाग के हिस्से में आता है। जब तक वन विभाग से परमिशन नहीं मिल जाती, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा।

इसके नांगल सिरोही के बीच से गुजरने वाला रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालक नांगल सिरोही से कोथल रोड से होकर स्टेट हाईवे पर आते हैं। बलवान फौजी ने कहा कि सड़क का 300 से 400 मीटर का वन विभाग के टुकड़े की वजह से काम अटका हुआ है। इस वजह से पूरे बाईपास पर दखलअंदाजी दी हुई है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ के साथ हमेशा भेदभाव होता आया है। किसी सरकार ने महेंद्रगढ़ में विकास कार्य नहीं कराए, जिसके चलते महेंद्रगढ़ लगातार पिछड़ेपन का शिकार होता गया। नारनौल-महेंद्रगढ़-चरखी दादरी रोड को अंतिम बार 2002-03 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने बनवाया था। इसके बाद दस वर्ष कांग्रेस तथा साढ़े सात वर्षों से सूबे में भाजपा का राज है। अभी तक यह रोड बन नहीं पाई है। इस मौके पर जिला प्रमुख सूबेदार अभय सिंह, डॉ. धर्मवीर यादव, सचिन झूक मौजूद रहे।

## अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूजः नारनौल

जिला नगर योजनाकार की टीम ने सोमवार केएलपी स्कूल के पीछे लगभग 2.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की है। राजस्व सम्पदा निवाजनगर तहसील नारनौल में कुछ लोगों ने नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के महानिदेशक से बिना लाईसन्स अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे, जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में चार चारदीवारी व पांच डीपीसी के साथ-साथ सभी कच्चे रास्ते उखाड़ दिए गए। यह पूरी कार्रवाई जिला नगर योजनाकार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।



- 2.5 एकड़ में बन रही कालोनी

नारनौल। अवैध कॉलोनी को तोड़ती जेसीबी मशीन।

डीटीपी मन्दीपसिंह सिहाग ने लोगों से कहा कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें। बिना अनुमति के कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बार-बार यहीं अवगत करवाया जाता रहा है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पहले डीटीपी कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रदेशाध्यक्ष के सामने प्रदेश कांग्रेस में फिर दिखी गुटबाजी

# भीड़ कम, केवल टिकटार्थी दिखे, 'किरण' गायब

- कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने घर-घर कांग्रेस अभियान की नारनौल से की शुरूआत, तब दिखा यह हाल
- 10 सत्ता से बाहर रहने पर भी संगठन नहीं बनाने के सवाल पर बोले, पूरी हो चुकी है सभी प्रक्रियाएं कभी भी हो सकती है घोषणा

सतीश सैनीः नारनौल

कांग्रेस पार्टी की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। जब हरियाणा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष उदयभान चौधरी नारनौल सोमवार पहुंचे तो एक बार फिर वहीं गुटबाजी दिखी। किरण खेमा ने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम से दूरियां बना ली। यही नहीं, भीड़ की दृष्टि से भी कार्यक्रम नाकामयाब रहा। यहां भीड़ कम टिकटार्थियों के चेहरे ही दिखाई दिए। अपने-अपने नेताजी के नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष को अपनी ओर आकर्षित करने की होड वर्करों में दिखाई दी।



नारनौल। अभियान की शुरूआत पर ग्रुप फोटो खिंचवाते कांग्रेस नेता।

हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने घर-घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान शुरू किया है। इसकी शुरूआत के लिए प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सोमवार सुबह नारनौल पहुंचे। यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष के जिस औहदे के हिसाब से भीड़ जुटनी चाहिए थी, वह नहीं थी। जो जिला की चार विधानसभा सीट पर दावेदारी जता टिकट लेने की मंशा रखे हुए है, वहीं हुड्डा गुट से जुड़े चेहरे नजर आए।

अध्यक्ष के ईद-गिर्द नजदीकी फोटो खिंचवाते दिखाई दिए। मीडिया से रूबरू हुए तो मीडिया कर्मियों की ही कुर्सियों पर वर्करों ने कब्जा कर लिया। यहां आए अनेक नेताओं के वर्कर मीडिया कर्मियों से ही उलझते दिखाई दिए। बार-बार अध्यक्ष के कहने पर भी जब बात नहीं बनी तो आखिरकार अध्यक्ष को अंदर वाले कमरे में मीडिया कर्मी को बुलाना पड़ा।

### कभी भी हो सकती है संगठन की घोषणा : उदयभान

प्रदेशाध्यक्ष उदयभान से सवाल पूछा गया कि सत्ता से 10 साल बाहर रहने के बाद भी कांग्रेस हरियाणा में संगठन नहीं खड़ा पाई, फिर लोकसभा या विधानसभा चुनाव किस बलबूते पर लड़ेगी। उन्होंने जवाब था कि सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कभी भी आलाकमान संगठन की सूचि जारी कर सकता है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह, मूलाराम, राधेश्याम शर्मा, रिटायर आईएएस विनय यादव, अक्षत राव, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अतेंद्र यादव कादीपुरी, प्रवीण चौधरी नांगल चौधरी, संजय पटीकरा, प्रदीप यादव, दिनेश शर्मा, राकेश यादव मौजूद रहे।

हरिभूमि सहेली

हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा



कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहनें और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।

## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।





## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।

## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है।

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

## बदलते दौर में पैरेंट्स समझें
# बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी।

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

# ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

एडवाइस / अंजू जैन



आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-

**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान जरा भी बोरियत महसूस नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें।

### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।

# जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

सजेशन / ललिता गोयल



मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।

**नेल एक्सटेंशन प्रोसेस :** नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

**प्रिकॉशन है जरूरी :** अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।

**लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन :** नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, हाथों की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है।

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

वैसे जाड़े के दिनों में ब्रोकली बाजार में तो खूब मिलती है लेकिन अगर आप ऑर्गेनिक और अधिक पौष्टिक ब्रोकली खाना, खिलाना चाहती हैं तो इसे गार्डन में उगा सकती हैं। इसे कैसे उगाएं और किन बातों का ध्यान रखें, बता रहे हैं आपको।

# किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

गार्डनिंग / अनु आर.



अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। ब्रोकली भले अब विदेशी सब्जी ना होकर स्थानीय सब्जी बन गई हो, लेकिन भरपूर गुणकारी होने की वजह से दूसरी हरी सब्जियों के मुकाबले यह महंगी मिलती है। इसलिए बेहतर है, अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको शुद्ध ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।



**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। देसी खाद से भरपूर मिट्टी में इसे क्यारी बनाकर लगाना या चाहिए। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और बढ़ने तथा विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ब्रोकली को अगर उगा रही हैं तो जब उसके पौध 4 से 6 हफ्ते के हो जाएं तो उन्हें अलग-अलग गमलों में स्थानांतरित कर दें, दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम दो इंच रखें। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम ब्रोकली के लिए तीन सबसे अच्छे उर्वरक हैं। अगर सही ढंग से आपकी उगायी या लगाई गई ब्रोकली विकसित होती है, तो ब्रोकली का एक पौधा फसल में आपको एक सीजन में कम से कम 10 या 12 बार ब्रोकली का फूल दे सकता है।

## खबर संक्षेप



नांगल चौधरी। संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हजरस के पदाधिकारी।

### ब्लॉक प्रधान बने सुनील कुमार पागल

**नांगल चौधरी।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की राज्य कार्यकारिणी के निर्देशों पर ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक सुरेंद्र अंबेडकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी को भंग करके दुबारा गठन करके संगठन को मजबूत बनाने की रूपरेखा बनाई है।

### रिया ने सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा की उत्तीर्ण

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीहमा की छात्रा ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा बीते माह 17 दिसंबर को जयपुर में आयोजित की गई थी।

### जनसंदेश यात्रा में जिम्मेदारी संभालेंगे वालियंटर

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी हलके के रायमलिकपुर गांव से 20 जनवरी को पूर्व कैबिनेट मंत्री किरण चौधरी जनसंदेश यात्रा का शुभारंभ करेंगी। जिसमें पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्षा कुमारी शैलजा और राष्ट्रीय महासिचव रणदीप सुरजेवाला मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षता एवं पूर्व सांसद श्रुति चौधरी करेंगी। प्रत्याशी रहे राजाराम गोलवा ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

### मकर संक्रांति पर किया भंडारे का आयोजन

**कनीना।** भंडारे हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं जो प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। ये विचार एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय के समीप दुकानदारों द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारंभ करते समय व्यक्त किए। एसडीएम ने स्वयं भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### बैठक में संगठन के चुनावों को लेकर हुई चर्चा

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के अध्यक्ष डॉ. मेजर सूरत सिंह यादव के दिशा निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव ने की। संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि बैठक में संगठन के चुनाव के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। चुनाव की प्रक्रिया की जिम्मेदारी के लिए संगठन के महासचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य को नामित किया गया। जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जता कर प्रस्ताव को पारित किया। इस अवसर पर सूबेदार हवासिंह, सूबेदार होशियार सिंह, नायब सूबेदार रामबीर, रोशन लाल, संतोष देवी आदि मौजूद रहे।

---

## नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

# नैनो यूरिया किसानों के लिए आर्थिक तौर पर फायदेमंदः ओमप्रकाश यादव

**हस्त एवं औजार से पुस्तैनी कार्य करने वाले कारीगरों का पीएम विश्वकर्मा योजना से होगा उत्थान: जिलाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को सतनाली खंड के गांव ढाणी कुम्हारान व नंगला, अटेली खंड के नावदी व खेड़ी, नांगल चौधरी खंड के नांगल चौधरी नगरपालिका कार्यालय में, सिहमा खंड के गांव गुवाणी व जाट गुवाणा में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव गुवाणी व जाट गुवाणा में में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व नांगल चौधरी नगरपालिका में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं नावदी में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा व खेड़ी में हरियाणा कार्यकारिणी के सदस्य सुगन चंद सैनी, ढाणी कुम्हारान व नंगला में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज खेतों में जाकर किसानों को ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव करवाकर दिखवाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विजन के अनुरूप कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से हर रोज सैकड़ों किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें नैनो यूरिया की खासियत बताई जा रही है। नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है, बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। ड्रोन के जरिए केवल 10 मिनट में एक एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया के छिड़काव से फसल की पैदावार भी बढ़ती है। नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है, बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन में अपना विश्वास दिखाकर लाभांवित हो रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारीगरों के उत्थान के लिए है।



नांगल चौधरी। भारत को विकसित बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाते दयाराम यादव।

### अंतिम कतार के जरूरतमंदों तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : दयाराम यादव

*नांगल चौधरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार विकसित भारत यात्रा नांगल चौधरी में पहुंची। जिसमें भाजपा के जिला प्रधान दयाराम यादव बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को सरकार की अंत्योदय योजना तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने जरूरतमंदों को उज्ज्वला स्कीम के तहत गैस रसोई का चुल्हा वितरित किया। गोद भराई रस्म में महिलाओं को सम्मनित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं होती। अंतिम कतार में खड़े जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रबंध किया गया है। योजना के मुताबिक 60 साल की उम्र पूरी करने पपर लोगों को विभागीय दफ्तरों में चक्कर काटने की जरूरत नहीं। उन्हें परिवार पहचान पत्र की मदद से घर बैठे बुढापा पेंशन मिलेगी, साथ ही पीला व गुलाबी राशन कार्ड बन जाएगा। इस मौके पर नपा सचिव सौरभ जैन, वाइस चेयरमैन मुकेश शर्मा, रमेश सैनी, डॉ विकास टेकवानी, डॉ अमित शर्मा, बीएओ सुभाष यादव, राकेश कुमार, सुनीता शर्मा, डॉ विनय कुमार, फूड सप्लाई विभाग से उप निरीक्षक अशोक कुमार, योगेंद्र बाबू, राहुल शेहरावत, राहुल कुमार मौजूद थे।*

---



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड नई दिल्ली द्वारा आयोजित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। यह परीक्षा अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की गई थी, जिसमें कक्षा छह से 10वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पांच स्वर्ण, पांच रजत, सात कांस्य पदक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। 17 विद्यार्थियों ने दूसरे लेवल के लिए अपना स्थान बनाया। रोहन कक्षा छह, रश्मि कक्षा सातवीं, प्रिंस कक्षा आठवीं, स्नेहा कक्षा नौवीं व आशीष कक्षा 10वीं ने स्वर्ण पदक हासिल किए। हर्षिता कक्षा छह, नितेश कक्षा सातवीं, युवराज कक्षा आठवीं, महक कक्षा नौवीं व चेतन कक्षा 10वीं ने रजत पदक हासिल किए। हर्षिका कक्षा छह, भारती, अंजलि, अभिषेक कक्षा आठवीं, खुशबू, खुशी कक्षा नौवीं व संदीप कक्षा 10वीं ने कांस्य पदक हासिल किए।

### भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे लोग

*नारनौल। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा की माता का निधन 13 जनवरी को हुआ था। उनकी आयु 72 वर्ष थी। उनके पुत्र विभाग संपर्क प्रमुख संघ मुकेश शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा व जिला व्यवस्था प्रमुख संघ लोकेश शर्मा और पुत्री मोहिनी कमल पांडे सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर वह देवलोक को चली गई। दुख की इस घड़ी में जिले में प्रदेश भर से गणमान्य लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा संतोष यादव, हरियाणा सरकार में पर्यटन निगम के अध्यक्ष अरविंद यादव, व्यापार कल्याण बोर्ड पूर्व अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र संधू, सह प्रांत प्रचार प्रमुख संघ लक्ष्मी नारायण, जिला संघ चालक कैप्टन हंसराज, विभाग समरसता प्रमुख महावीर, जिला कार्यवाह मनोज शास्त्री, जिला प्रचारक संघ पुनीत, पूर्व विधायक मूलाराम, रविंद्र खटाना गुरुग्राम, भाजपा प्रवक्ता सत्यव्रत शास्त्री, इनेलो नेता राव होशियार सिंह, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, तंभरा नरेश संघी, प्रोफेसर रोशन लाल यादव, पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव रेवाड़ी, भाजपा नेता सतवीर यादव, भाजपा प्रदेश आईटी सह संयोजक अरविंद सैनी, आप नेता राव नरेंद्र इंजीनियर, इंद्र हुडिना, जजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा, विश्व हिंदू परिषद विभाग संयोजक विशाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अमित यादव रेवाड़ी, कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन कंवर सिंह यादव, संदीप यादव एडवोकेट नीरपुर, दयाशंकर तिवारी महेंद्रगढ़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कर्मवीर, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष कर्मवीर खींची, राकेश यादव पूर्व सरपंच छोटे लाल यादव, संदीप संघी, प्रदीप गौड़, ओम प्रकाश रावत, सुदर्शन बंसल, कप्तान रमेश शर्मा, जिला पार्षद संत बचना नाथ, देवी लाल आदि रहे।*

---

## इस समय शीतलहर से ज्यादा श्रीराम जी की लहर का जोर : विकास



*नारनौल। अयोध्या धाम में रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल छह दिन ही बचे हैं। श्रीराम भक्तों का उत्साह इस समय देखते ही बनता है। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विकास अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है, ज्यो ज्यो 22 जनवरी की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे ही राम भक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस समय देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जोरदार शीतलहर चल रही है। उसके बावजूद भी हर राम भक्त अपने-अपने तरीके से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समय शीतलहर से ज्यादा श्रीराम लहर का जोर सबसे ज्यादा है। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन की तैयारी शुरू करते हुए देश के नाम संदेश में कहा है कि प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान वाले कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करने का निमित बनाया गया है। भाजपा मीडिया प्रमुख ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर देश के लोगों से आह्वान किया है कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन नागरिक अपने-अपने नजदीकी मंदिर में जाकर प्रभु श्रीराम को नमन करते हुए दीपावली बनाएं, और सभी नागरिक अपने-अपने नजदीकी मंदिरों की साफ सफाई में अभी से लग जाए व मंदिरों को लाइट लगाकर व दीप जलाकर रोशन करें, 22 जनवरी को अपने घर पर ही श्री राम ज्योति जलाएं।*

---

# बागेश्वरी धाम पर चलाया स्वच्छता अभियान

■ राम मंदिर बनाए जाने व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश ही नहीं विदेशों में बसे भारतीय उत्साहित : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव बागेश्वरी धाम बाघोत में सोमवार को भाजपा के युवा नेता एवं आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव के नेतृत्व में युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इस दौरान मंदिर प्रांगण के साथ-साथ आसपास भी अच्छी प्रकार से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा 22 जनवरी को



महेंद्रगढ़। बागेश्वरी धाम में साफ-सफाई करते इजी. मनीष राव।

अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान इंजी. मनीष राव ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाए जाने तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश ही नहीं विदेशों में बसे भारतीय भी काफी उत्साहित है। विदेशी सरकारें भी भारतीयों की धार्मिक आस्था को देखकर नतमस्तक है। पहले भी भारत विश्व गुरू था और अब फिर से विश्व गुरु बन रहा है। मंदिर प्रांगण व आसपास को बनाया साफ-सुथरा इंजी. मनीष राव के नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान युवाओं ने काफी पसीना बहाते हुए मंदिर प्रांगण व आसपास को साफ-सुथरा बनाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारतीय सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ बनाना और सफाई के अच्छे प्रथाओं को प्रमोट करना है। अभियान लोगों के बीच स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है।

उन्होंने कहा कि अब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, इसलिए सभी देवालयों एवं मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इस मौके पर जिला पार्षद लीलाराम, संदीप हिंदू, सुनील शर्मा, हरीश गुर्जर, अभिषेक खटाना, अजीत चंदेला, साकेत, सतीश चोटी, हंसा गुर्जर सहित काफी संख्या में जागरूक युवा उपस्थित रहे।

### डॉ. रोशन कौशिक की माता का निधन

महेंद्रगढ़। गांव आनावास निवासी डॉ. रोशन कौशिक व कृष्ण कौशिक की 80 वर्षीय माता लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय बद्रीप्रसाद शर्मा का निधन हो गया। उनके बडे बेटे डॉ. रोशन कौशिक ने उन्हें मुख्याग्नि दी। मुख्य समाजसेवी बलवान सिंह फौजी व भाजपा के युवा नेता गौतम शर्मा ने कहा कि इस दुख घड़ी में हम सब परिवार के साथ खड़े है। इस अवसर पर गोविंद्र नेत्रालय अस्पताल के संचालक डॉ. अविनाश शर्मा, संदीप ठाकुर, मास्टर भगवान दत्त, सरपंच राजेश कुमार, राजबीर प्रधान, रतन सिंह फौजी, हरिकिशन, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, विजय कुमार, प्रमोद कुमार, नत्थूराम, रामौतार फौजी, दिनेश मास्टर आदि ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

# सिटी वर्ल्ड स्कूल में हुआ हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। हवन-यज्ञ में आहुति देते शिक्षक व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

गांव पालड़ी पनिहारा स्थित सिटी वर्ल्ड स्कूल पालड़ी में नए सत्र 2024-25 की शुरूआत पर सोमवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यजमान के पद पर संस्था के निदेशक देवेंद्र सिंह एवं साक्षी राव तथा प्राचार्या राव शोभा सिंह एवं इंद्रजीत मुख्य रूप से आसीन रहे तथा आचार्य ने विधि-विधान से मंत्र उच्चारण कर आहुति डलवाई। प्राचार्या राव शोभा सिंह ने बताया कि विद्यालय के नए सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी भी कार्य का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया जाता है। इससे वातावरण सहित मानसिक शुद्धि होती है। निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक भावना को बढ़ाता है तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सदैव लाभकारी है। उन्होंने बताया कि होनहार विद्यार्थियों के लिए 11 फरवरी को छात्रवृत्ति एवं प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र की कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह यादव ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों के लिए मंगलकारी कामना करते हुए अपने संदेश में कहा कि हवन के साथ मंत्र उच्चारण से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है तथा शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।

### विद्यार्थियों को कंबल किए वितरित

**नांगल चौधरी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय नांगल नूनियां में समाजसेवी भूपसिंह यादव ने विद्यार्थियों को गर्म कंबल वितरित किए। अध्यक्षता मुख्याध्यापक अजीत सिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्र होकर पढ़ाई करने के टिप्स दए। उन्होंने कहा कि समाज में प्रोत्साहन परंपरा को विकसित करना जरूरी है। क्योंकि प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को प्रदर्शन में निखार लाने और अनुशासित रहने का संदेश मिलता है। सरकारी स्कूलों में अधिकांश विद्यार्थियों के अभिभावक आथिंर्क रूप से संपन्न नहीं होते, जिस कारण बच्चों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में परेशानी रहती है। ऐसे में सामाजिक संगठन और सक्षम लोगों को परोपकार व प्रोत्साहन की मुहिम शुरू करना अनिवार्य रहता है।


## हैप्पी स्कूल के दो छात्रों ने सीए परीक्षा की उत्तीर्ण

■ !संस्था के संचालकने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ



पीयूष अरोड़ा।



तुषार अग्रवाल।

शहर के डुलाना रोड स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने आईसीएआई नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विंग प्रभारी संजीव कुमार, अध्यापक पवन कुमार यादव व संतोष यादव ने बताया कि शहर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी व विद्यालय के छात्र पीयूष अरोड़ा ने सीए फाइनल में सफलता प्राप्त की। वहीं देवीलाल कॉलोनी निवासी तुषार अग्रवाल ने सीए इंटर में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक मनीष अग्रवाल व मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु छात्रों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ अध्यापक एवं माता-पिता का मार्गदर्शन अति आवश्यक होता है।

**सूचना**

मैं, नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी झगड़ोली तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र भारत भूषण व मेरी पुत्रवधु प्रीती सौनी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

---



### शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में सिलाई प्रशिक्षण संपन्न

*नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अनिल यादव ने प्रशिक्षण में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित किया तथा उन्हें शिक्षा के साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की इंचार्ज डॉ कविता कुमारी ने बताया कि सभी पढ़े-लिखे युवाओं को सरकारी नौकरी मिलना संभव नहीं। जिस कारण निरंतर बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ रही है। समाधान के लिए पढ़े-लिखे युवाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ना होगा, क्योंकि स्वरोजगार में इनकम की कोई सीमा नहीं होती, आप जितना परिश्रम करेंगे उतनी ही आमदनी होने लगेगी। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बैंकों से अनुदान पर लोन लेने का प्रावधान किया है। इसी कड़ी में सरकार ने कॉलेजां वुमेन सेल का गठन करके स्वरोजगार जागरूकता मुहिम चलाई है। स्कीम के तहत कॉलेज में पांच दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जइस अवसर पर डॉ विनेश, डॉ सुमित कुमारी मौजूद रही है।*

# मिड डे मील वर्कर्स का सम्मान असली कर्मवीरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मिड डे मील वर्कर्स को सम्मानित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से निजामपुर में स्थित विद्या भारती स्कूल में मिड डे मील वर्कर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट यादव मौजूद रहे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद भीमसेन शर्मा व शिक्षक नरोतम सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि राजकुमार यादव ने कहा कि सेवा को उतरदायित्व मानने की प्रकृति भारतीय दर्शन की देन है। आदर और प्रेम के साथ मिड डे मील वर्कर को सम्मान प्रदान करने का यह प्रकल्प पूरे देश का अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने यह कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय कार्य कर रहा है। अन्य लोगों को भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय शर्मा ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में कार्यरत इन मिड-डे मील का सम्मान करना वास्तव में मानवता का सम्मान करना है। खाना पकाने वाली इन महिलाओं के सम्मान का यह अनूठा कार्यक्रम प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट गत 18 वर्षो से अनवरत करता आ रहा है जिसमें प्रतिवर्ष 250 से अधिक महिलाओं को शाल, स्वेटर जूते-जुराब प्रदान कर उनको यह सम्मान प्रदान किया जाता है। कार्यकर्म का उद्देश्य सम्मान के साथ सेवा करना रहता है। विशिष्ट अतिथि भीम सेन शर्मा ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में सबसे निचले स्तर पर कार्यरत कर्मचारी को उसकी कार्यकुशलता के लिए सराहा जाना और उन्हें उपहार उपलब्ध कराना सच्चा सम्मान है। ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सदस्य अपने शिक्षक होने की सार्थकता को सिद्ध कर रहे है। कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत सहायकों को भी शॉल एवं गर्म कंबल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वद्यालय की वाइस चेयरमैन डॉ उषा यादव, प्राचार्य विनोद यादव, शारीरिक शिक्षक पूनम कुमारी, दीपक शर्मा बसीरपुर और अनेक स्कूलों की कुक तथा सहायक उपस्थित रहीं। इस मौके पर दीपक शांडिल्य, डॉ. मनोज आफरिया, अजय शर्मा, राकेश शर्मा, मुकेश दहिया, सोनू शर्मा, मनीष शर्मा, अमित कुमार, प्रद्युमन कौशिक, समाज सेवी सुरेश चौधरी, मिंटू हलवाई, गजेन्द्र यादव पीए और अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी झगड़ोली तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विरेन्द्र कुमार उर्फ बोनी व मेरी पुत्रवधु आईशता मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, विशाल पुत्र श्री भरतराज चौहान, निवासी मोहल्ला माली टिब्बा नई बस्ती नारनौल, महेंद्रगढ़, हरियाणा -123001 कि मैंने शपथ पत्र संख्या O0I2024A28 के अनुसार भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर विशाल चौहान कर लिया है।

**ग्राम पंचायत नांगल पीपा, खण्ड नांगल चौधरी**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नांगल पीपा में सफाई कर्मी का पद रिक्त है। को ई भी इच्छुक व्यक्ति जो सफाई कर्मी के पद पर लगना चाहता हो तो वह अपना आवेदन 15.01.2024 से 22.01.2024 तक खण्ड कार्यालय मं जमा करवा सकता है। तथा दिनांक 23.01.2024 को प्रातः 1100 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।

सरपंच, ग्राम पंचायत, नांगल पीपा

## खबर संक्षेप



### अंधविश्वास के खिलाफ जागरूक का संकल्प

**नारनौल।** मकर संक्रांति के अवसर पर संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र ने एक शांतिपूर्ण हवन का आयोजन किया। प्रचार्य डॉ. आरएन यादव, कप्तान जगराम आर्य, विनोद आर्य, डॉ. कृष्ण आर्या, शकुंतला, सुमन एवं संस्था के छात्र व स्टाफ मौजूद रहे। डॉ. आरएन यादव ने मकर संक्रांति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चर्चा की। डॉ कृष्ण आर्य, शकुंतला व सुमन ने स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच रेवड़ी, मूंगफली और कॉपी-पेंसिल वितरण किया।



### मकर सक्रांति पर्व पर पांच कुंडीय यज्ञ

**महेंद्रगढ़।** देवास रोड स्थित निमार्णाधीन बेसहारा गोवंश गोशाला के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। गोवंश को चारा खिलाया व श्रद्धानुसार गुड़, खल आदि का दान भी किया। गोसेवक प्रमोद बेवल ने बताया कि प्रधान अरूण कौशिक बतौर मुख्यातिथि रहे। इस दौरान पंडित हरिओम ने यज्ञ करवाया। यज्ञ में पवन नांगलिया, सुनील जिन्दल, सुरेंद्र बंटी, दिनेश गोयल, प्रदीप गर्ग, अतुल बंसल मुख्य यजमान थे। प्रधान प्रमोद बेवल ने बताया कि सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती।



### जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की खाद्य सामग्री

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या एवं भाजपा नेत्री एडवोकेट चंद्रकला खातोद ने सतनाली मोड़ स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली गरीब महिलाओं को शॉल, मूंगफली व रेवड़ियां वितरित की। उन्होंने कहा कि जनवरी का महीना ठंड व दान पुण्य का महीना है। इसलिए सभी सामर्थ्यवान लोगों को दान-पुण्य करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने परमपिता परमेश्वर से लोगों की दीघार्यु व स्वस्थ्य बने रहने व युवा पीढ़ी से संस्कारवान बनने की कामना की।

### मिश्रवाड़ा में होगा साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल द्वारा साप्ताहिक निःशुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंगलवार रात अधिवक्ता धीरज कालरा के निवास स्थान मोहल्ला मिश्रवाड़ा में किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा, जिसमें शहर के मुख्य कलाकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान का आगाज

# काम में कांग्रेस के मुकाबले दूर-दूर तक कहीं नहीं भाजपा-जजपा सरकार

प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने सरकार में 5 गुना कर्जा, 4 गुना महंगाई, 3 गुना बेरोजगारी और दो गुना बढ़े अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** अभियान के दौरान दुकान के बाहर प्रचार पोस्टर चस्पाते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान। *फोटो :हरिभूमि*

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने सोमवार नारनौल से 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान का आगाज किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से बाजार होते हुए आजाद चौंक तक घर-घर और दुकानों में जाकर लोगों से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी की नीतियों, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी जैसे गैर-जरूरी पोर्टलों, संवादहीनता व संवेदनहीनता से बुरी तरह त्रस्त है। लोग इसबार कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। हरियाणा में इस सरकार को लगभग 10 साल पूरे हो चुके हैं। इतने ही समय तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का कार्यकाल रहा था। अब समय आ गया है कि दोनों सरकारों के कार्योंर् व उपलब्धियां की तुलना की जाए। जनता जब तुलना करेगी तो वह पाएगी कि बीजेपी व बीजेपी-जेजेपी सरकार के दौरान पांच गुना कर्जा, चार गुना महंगाई, तीन गुना बेरोजगारी व दो गुना अपराध बढ़े हैं। बीजेपी-जेजेपी ने हमेशा जनसरोकार को नजरअंदाज करके सिर्फ सत्ता सुख भोगने की राजनीति की है। यहीं वजह है कि जो हरियाणा कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून व्यवस्था और रोजगार देने के मामले में देश का नंबर वन रा'य था। वो आज बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार और नशे के मामले में नंबर वन बन गया है। नारनौल समेत पूरे हरियाणा में सरेआम हत्या व डकैती आम बात हो गई है। गैंगस्टर और माफिया बेखौफ अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। खुद केंद्र सरकार की रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बदमाश हरियाणा छोड़कर भाग गए थे। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान ही प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, एम्स-2, 641 सीएचसी-पीएचसी बनीं। जबकि मौजूदा सरकार ना उनमें डॉक्टर मुहैया करवा पा रही है, ना मशीनें और ना ही दवाईयां। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान ही प्रदेश में 43300 करोड़ की लागत से पांच पॉवर प्लांट (चार थर्मल, एक मंजूरशुदा परमाणु संयंत्र) स्थापित हुए। लेकिन मौजूदा सरकार ने एक नई यूनिट नहीं लगाई।

## कृष्णा गुप्ता के निधन से हुई अपूर्णनीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** सीताराम मैरिज पैलेस में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान सिंह।

समाजसेवी कृष्णा गुप्ता नूनीवाला की श्रद्धांजलि सभा सीताराम मैरिज प्लेस में आयोजित की गई। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संदीप नूनीवाला की माताजी स्वर्गीय कृष्णा गुप्ता का निधन गत 4 जनवरी को हो गया था। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, न्यायाधीश अरुण डाबला, पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश राकेश यादव, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप यादव, पूर्व विधायक नरेश सेकवाल, पूर्व विधायक शंकर भारद्वाज, युवा कांग्रेसी नेता अक्षत राव, लालचंद जोशी, नरेश गोगिया, राजकुमार रातां वाले, सत्यनारायण गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सीताराम सर्राफ, पवन आहुजा रोहतक, दीवाकर शर्मा एडवोकेट, देवेंद्र हुडीना, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. के. सिंगला, अग्रवाल वैश्य समाज प्रदेश महासचिव रवि गर्ग, चंद्रप्रकाश गुर्जर, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल, सुदर्शन बंसल, सूरज बोहरा, राष्ट्रीय नवचेतना के अध्यक्ष विजय सोमानी, वरिष्ठ भाजपा नेता रोशन लाल यादव, वैद्य किशन वशिष्ठ, ब्रह्मदत्त, सरपंच राजेंद्र भुंगारका, विनोद सोनी, सीएल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अमित गुप्ता, यूरो इंटरनेशनल के अध्यक्ष सतबीर नोतानियां इत्यादि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



**महेंद्रगढ़।** अयोध्या से आए चित्रक वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## आरपीएस में 22 को जलेंगे 2.51 लाख दिये

- अध्योध्या के राम मंदिर में विराजमान होंगे रामलला
- 22 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन, भारत की श्रद्धा व आस्था को सम्मान देने का दिन : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

अयोध्या में 22 जनवरी को अपनी जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। अयोध्या में रामोत्सव शुरू हो गया है। सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संयोजक दयाशंकर तिवारी, जिला पालक सुभाष डागर, नगरपालक महावीर भांडोरिया, पूर्व डीईओ मुकेश लावनिया तथा कमल तिवारी ने आरपीएस विद्यालय खातोद में पहुंचकर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व समस्त आरपीएस को निमंत्रण दिया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने उनका निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि 22 जनवरी को रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आपीएस प्रांगण में दो लाख 51 हजार दीपक जलाएं जाएंगे व 108 कुंडीय हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। स्कूल में भव्य कार्यक्रमों के साथ-साथ रंगोली, पोस्टर मेकिंग, गीत-संगीत भी होंगे। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि 22 जनवरी का दिन एक ऐतिहासिक तथा भारत की श्रद्धा व आस्था को सम्मान देने का दिन है। 500 वर्षों बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस मौके पर हम सब का भी कर्तव्य है कि अपने-अपने नगर के मंदिरों को साफ-सुथरा बनाकर सजाएं तथा घर-घर दीपक जलाएं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि भारतीय मानस में राम का महत्व इसलिए नहीं है, क्योंकि उन्होंने जीवन में इतनी मुश्किलें झेलीं, बल्कि उनका महत्व इसलिए है कि उन्होंने उन तमाम मुश्किलों का सामना शिष्टता पूर्वक किया। अपने सबसे मुश्किल क्षणों में भी उन्होंने खुद को बेहद गरिमा पूर्ण रखा। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोतक भगवान राम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम में आरपीएस ग्रुप पूरी आस्था है।

## चेतावनी के बाद काम किया शुरू

- महेंद्रगढ़ से बुचौली मार्ग पर 300 मीटर के अधूरे सड़क निर्माण के कारण ग्रामीणों का उठानी पड़ रही थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** सड़क के निर्माण के लिए डाली गई टाइल। *फोटो :हरिभूमि*

शहर से गांव बुचौली की ओर से जाने वाले मार्ग पर करीब 300 मीटर अधूरे सड़क निर्माण कार्य के चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि अन्य हिस्से का निर्माण कार्य करीब पांच माह पहले पूरा हो गया था। 15 जनवरी को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने मौके पर पहुंचकर समस्याओं के बारे जानकारी ली। वहां काम शुरू हो चुका है पीडब्ल्यूडी विभाग ने ब्लॉक डाल दिए हैं और काम को दिए हुए समय 15 जनवरी का समय दिया था। विभाग ने 15 जनवरी तक का समय मांगा था और अधिकारियों ने कहा था कि मकर संक्रांति के कारण लेबर छुट्टी होने से यह समस्या हुई है और 15 जनवरी से पहले-पहले कार्य शुरू हो जाएगा। इस मौके पर डॉ. धर्मबीर यादव, ऑल इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रमुख सूबेदार अभय सिंह, इंस्पेक्टर रामअवतार मेहरा, सिकंदर यादव, हरीप्रकाश, रामबिलास, मंजीत दहिया, सूरज सिंह, सतबीर सिंह, अनूप कुमार मौजूद रहे।

## जियो एयर फाइबर लॉंच, मिलेगी हाई स्पीड

- पूर्व जिला प्रमुख राजेश देवी ने केक काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** जियो एयर फाइबर के शुभारंभ पर केक काटती पूर्व जिला प्रमुख राजेश देवी। *फोटो :हरिभूमि*

मोबाइल डेटा नेटवर्क रिलायंस जियो ने विश्व स्तरीय होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सेवाओं और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड के लिए अपने एकीकृत एंड-टू-एंड समाधान, जियो एयर फाइबर को सोमवार नारनौल में लॉन्च कर दिया है। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख राजेश देवी ने जिओ ऑफिस में केक काट के जिओ एयर फाइबर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेश देवी ने कहा कि जियो एयर फाइबर टीवी या ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ताओं को एक एकीकृत सेवा के माध्यम से विश्व स्तरीय होम एंटरटेनमेंट, ब्रॉडबैंड और डिजिटल अनुभव में अपग्रेड करने का अवसर प्रदान करेगा। जिओ नारनौल आफिस इंचार्ज कुलदीप यादव ने बताया कि जियो एयर फाइबर, लास्ट माइल कनेक्टिविटी की चुनौतियों को दूर करेगा।

उन सब घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ेगा, जहां ऑप्टिकल-फाइबर के विस्तार में आने वाली जटिलताओं और देरी के कारण, अच्छा होम ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध नहीं था। जियो एयर फाइबर सेवाएं पूरे हरियाणा में विस्तारित होंगी, जिससे राज्य भर में लाखों घर और व्यवसाय, विश्व स्तरीय डिजिटल एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड का आनंद ले सकेंगे। इस सेवा का शुभारंभ क्षेत्र के डिजिटल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतीक है। हरियाणा में जियो एयर फाइबर का रोलआउट राज्य के लोगों को अत्याधुनिक कनेक्टिविटी समाधान प्रदान करने की जियो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख के पति संजीव यादव भी मौजूद रहे।



**मंडी अटेली।** सिहमा में उनके चित्र के सामने केक काटकर मनाते हुए।

## बसपा सुप्रीमो मायावती का 68वां जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

बसपा सुप्रीमो मायावती का 68वां जन्मदिन सिहमा में सोमवार को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में केक काट कर मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामसिंह मंडलाना व पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक दास नारनौलिया ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बनवारी लाल, हरिसिंह मिस्त्री, राहुल बौद्ध, तेजराम, दीपक, महेश कुमार, रितिक कुमार, हरिश, नीरज कुमार, संतोष देवी व सरिता इत्यादि मौजूद रहे।

## बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन मनाया

- अटेली में ककार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** अटेली में जन्मदिन जनकल्याण सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि ठाकुर अतरलाल। *फोटो :हरिभूमि*

बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का 68वां जन्मदिन अटेली में जनकल्याण दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर जनकल्याण सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के प्रमुख नेता अतरलाल एडवोकेट थे। अध्यक्षता बसपा हलका प्रधान सतपाल दहिया ने की। 30 जनवरी तक पूरे जिले में जनकल्याण पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत गांव, कस्बों तथा शहर के वाडार्े में जनकल्याण सम्मेलन तथा जनकल्याण रैलियां आयोजित कर बसपा सुप्रीमो की जनकल्याण नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश बसपा की कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य अशोक दास नारनौलिया, कृष्ण तोबड़ा, सतपाल दहिया, शेर सिंह बाछौद, भागसिंह चेयरमैन, सतवीर जोनावास, थानेदार शेरसिंह, दानसिंह प्रजापत, हुकमचंद, अमित, संदीप महयच, अश्विनी बौद्ध, राहुल बौद्ध ने मायावती के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए मिशन 2024 बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के अभियान में जी-जान से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुकेश जांगिड़, राजेंद्र जांगिड़, रविदत्त, सुरेंद्र सिंह, मुरलीधर, आशीष, मनमोहन मौजूद रहे।

## अतेंद्र ने किया कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का स्वागत करते अतेंद्र सरपंच। *फोटो : हरिभूमि*

सरपंच एसोएिशन नारनौल के प्रधान अतेंद्र सरपंच कादीपुरी ने सोमवार सोमवार रेवाड़ी रोड स्थित अपने कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का स्वागत किया। इस दौरान हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि आपने जो मान सम्मान दिया है। वह सदा ऋणी रहेंग। इतनी भारी तादाद में स्वागत किया है, इससे अतेंद्र यादव ने दिल जीत लिया है। अतेंद्र सरपंच को इस सफल कार्यक्रम की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्रसिंह, पूर्व सीपीएस अनिता यादव, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, विधायक राव दानसिंह के पुत्र अक्षत राव सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर की चर्चा

**कनीना।** कनीना में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सोमवार को अधिकारिक बैठक का आयोजन किया गया। नगरपालिका कार्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि कनीना का उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की अंतिम व फुल ड्रेस फाईनल रिहर्सल 23 जनवरी को होगी। विभिन्न विभागों की ओर से झांकी भी निकाली जाएगी। समारोह को भव्य एवं रंगारंग बनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेवारियां सौंप दी गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## 22 को मां चामुंडा देवी मंदिर से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

# भव्य श्रीराम निशान शोभायात्रा के लिए सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** बैठक में भव्य श्रीराम निशान शोभायात्रा की तैयारियां करते हुए।

शहर के प्रसिद्ध मंदिर श्री चामुंडा देवी मंदिर में प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने मिलकर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी राकेश यादव ने की। बैठक में शोभायात्रा संरक्षक चेतन जिंदल ने बताया कि 22 जनवरी वार सोमवार को मां चामुंडा देवी मंदिर से एक विशाल भव्य श्रीराम निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा संयोजक सुभाष गर्ग ने बताया कि निशान यात्रा में डीजे, ढोल, बैंड पार्टी, ऊंट, घोड़ों से सजा रामरथ भी होगा। यात्रा प्रमुख घनश्याम गर्ग ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान एवं श्री कृष्णा ड्रामाटिक क्लब नई मंडी नारनौल के सहयोग से श्रीराम झांकी निकाली जाएंगी, जिसमें राम-लक्ष्मण-सीता एवं हनुमान के पात्र रामलीला कमेटी की तरफ से शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। शहर के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से श्रीराम निशान शोभा यात्रा मां चामुंडा देवी मंदिर से चलकर आजाद चौक, मानक चौक, पुल बाजार, महावीर मार्ग, महावीर चौक, सैनिक रेस्ट हाउस, बहादुर सिंह तालाब, जैन मांगलिक भवन, पुलिस लाइन, अग्रसेन चौक, राजीव चौक, नई मंडी, बहरोड चौक, किला रोड होते हुए मां चामुंडा देवी मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। शोभा यात्रा समापन के पश्चात अमृतमयी भोजन भंडारे की व्यवस्था सभी भक्तजनों के लिए मंदिर परिसर में ही रहेगी। टाइगर क्लब के संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल एवं चाकर श्याम के सेवा दल के संस्थापक गौतम गोयल को शोभा यात्रा में निशान वितरित करने की जिम्मेदारी सौंपी। भंडारा व्यवस्था के लिए अमरनाथ सोनी एवं श्री गणेश युवा मंडल के प्रधान सुनील मराठा एवं गोपाल यादव उनकी टीम को नियुक्त किया। शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण भगवान राम का दो घोड़े का रथ, जिसमें भगवान श्री राम-सीता-लक्ष्मण एवं हनुमान विराजमान होंगे। श्रीराम रथ के आगे भगवान श्रीराम की दिव्य ज्योति शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए मां श्री चामुंडा देवी मंदिर पहुंचेगी। भव्य श्रीराम निशान शोभा यात्रा को लेकर शहर में लोगों उत्साह है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जियो गीता से सुरेंद्र यादव, टाइगर क्लब के संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, भगवान नारायण सेवा संस्थान एवं श्री कृष्णा ड्रामाटिक क्लब नई मंडी नारनौल के प्रधान दयानंद सैनी, शुभम सोनी, मनोज निर्मल, चाकर श्याम के सेवा दल से गौतम गोयल, नेकी की दीवार-निडी हेल्प ग्रुप से मनीष गोगिया, श्री राम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल से पंडित क्रांति निर्मल शास्त्री, हेमंत अग्रवाल पटियाला ट्रेलर वाले, श्री श्याम मस्ताने से संदीप गोयल, प्रभात फेरी संगठन से वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य जोगिंद्र अग्रवाल, भूपेश संघी, चेतन जिंदल, सीताराम चौबे, राकेश अग्रवाल पटवारी, मोहित जिंदल, सतीश शर्मा, सोमदेव शर्मा, सुभाष गर्ग मौजूद रहे।